
रेलवे ग्रुप डी के 30 हजार पदों पर भर्ती की दीपावली से पहले हो सकती घोषणा

जागरण संवाददाता, प्रयागराज: रेलवे में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ग्रुप डी के करीब 30 हजार पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा है। इसके तहत ट्रैक मेंटेनर, प्वाइंट्समैन और अन्य तकनीकी व गैर-तकनीकी पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। दीपावली से पहले एक शार्ट नोटिस जारी किया जाएगा, जबकि दीपावली के बाद विस्तृत विज्ञापन और आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी होने की पूरी संभावना है।



- दिसंबर तक आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य
- अगले वर्ष की पहली तिमाही में पहले चरण की परीक्षा संभावित
- ग्रुप डी भर्ती 2027 का विज्ञापन भी तय समय पर होगा जारी

रेलवे भर्ती बोर्ड का लक्ष्य है कि नवंबर से दिसंबर के बीच आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। प्रस्तावित भर्ती के लिए सभी जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों से रिक्त पदों का ब्योरा मांगा गया है। इस भर्ती प्रक्रिया को इसी वर्ष दिसंबर से पहले हर हाल में शुरू कर दिया जाएगा। ऐसा होने से रेलवे के वार्षिक भर्ती कैलेंडर का क्रम नहीं बिगड़ेगा। समय पर प्रक्रिया शुरू होने से इसका सीधा लाभ यह मिलेगा कि आगामी ग्रुप डी भर्ती 2027 का विज्ञापन भी तय समय पर जारी हो सकेगा।